## सार-समाचार

### जे.एन.वी.यू. में पेंशनर्स का धरना जारी

**जोधपुर**, (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पेंशनधारकों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। वह बकाया पेंशन की मांग को लेकर यहां करीब दो सप्ताह से धरने पर बैठे है। जेएनवीयू के सेवानिवृत्त पेंशनर्स को लंबे समय से पेंशन का भुगतान नहीं हो रहा है, जिसके विरोध में शनिवार को 14वां दिन भी धरना जारी रहा। पेंशनर्स ने कुलपति कार्यालय के समक्ष अपना आक्रोश प्रकट किया। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनिवास शर्मा व सचिव डॉ. लोकेंद्र सिंह शक्तावत और पेंशनर्स संघर्ष समिति संयोजक अशोक व्यास ने बताया कि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में लंबे समय से पेंशन का भुगतान नहीं होने से आक्रोशित वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स जेएनवीयू परिसर में धरना दे रहे हैं। प्रो. रामनिवास शर्मा ने राज्यपाल से जोधपुर में ही कार्यरत कुलपति की नियुक्ति की मांग की। पेंशनर्स संघर्ष समिति के संयोजक अशोक व्यास ने कहा कि समय पर पेंशन न मिलने से पेंशनर्स मानसिक और आर्थिक संकट झेल रहे हैं। पेंशनर्स को लम्बे समय से पेंशन न मिलने के कारण अब उनका धैर्य जवाब देने लगा है। उन्होंने कुलाधिपति एवं राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विश्वविद्यालय प्रशासन से बकाया पेंशन का जल्द भुगतान कराने की गुहार लगाई। पेंशनर्स सोसायटी ने मांग की है कि अजा-जजा महिला छात्राओं की फीस माफी का पुनर्भरण और विवि की अधिठाहित भूमि की राशि का भुगतान राज्य सरकार करे। साथ ही कॉलेज शिक्षा निदेशालय की तरह पेंशन भुगतान की व्यवस्था की जाए।

### इंवेस्टमेंट के नाम पर युवक को ठगा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर का एक युवक ऑन लाइन ठगी का शिकार हो गया। इंवेस्टमेंट के नाम पर शातिरों ने उसे 50 फीसदी लाभांश में उलझाया और 17 लाख की ठगी कर डाली। लांभाश राशि लौटाने के नाम पर 46 लाख और मांगे। इतनी बड़ी रकम मांगे जाने पर उसे ठगी का अहसास हुआ और उसने अब बनाड़ थाने में इसकी रिपोर्ट दी है। घटना 14- 17 मई के बीच हुई है। बनाड़ पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। एएसआई बींजाराम ने बताया कि सारण नगर शिवविहार निवासी संदीप प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसने मोबाइल पर ऑन लाइन इंवेस्टमेंट के नाम पर आई स्कीम और बड़े लाभांश के बारे में जाना था। तब उसे शेयर मार्के ट और अन्य मद में निवेश करने को कहा गया। शुरूआत में उसे कुछ लाभ हुआ और उसे बाद में प्रोफिट के नाम पर 50 फीसदी लाभ का प्रलोभन दिया गया। 14 से 17 मई के बीच में उसने ऑनलाइन शातिरों के खाते में 17 लाख रूपए डाल दिए। जब उसका लाभांश प्रतिशत बढ़ गया तो उसने रकम मांगी। तब शातिरों ने उससे 46 लाख रूपए और मांगे। बाद में उसे ठगी और धोखाधड़ी का अहसास हुआ। एएसआई बींजाराम ने बताया कि ऑनलाइन ठगी का प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### नई किरण-नशा मुक्ति केंद्र शुरू

**जालोर**, (कासं)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के सहयोग से नई किरण नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 30 स्वयं सेवकों तथा एनसीसी के 20 कैडेट्स को परिवार, महाविद्यालय एवं समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ मनीष सिंह ने युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने एवं नशीले पदार्थों के आर्थिक, शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर, परिवार एवं समाज को नशा मुक्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर सहायक आचार्य किशोर कुमार ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय में स्थापित नशा मुक्ति केंद्र के तहत आने वाले दिनों में नशे के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान माला, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन करवाने के साथ-साथ नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर मनीष अखावत, विमल कुमार खत्री, डॉ. प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, विक्रम, किशन, प्रवीण सहित कई जने उपस्थित रहे।

### दो इनामी आारोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर ठाामीण की जिला विशेष टीम और ठाामीण पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो वांछित अपराधियों को पकड़ा है। एक पर 25 हजार तो दूसरे पर 5 हजार का इनाम घोषित हो रखा था। अभियुक्तों की काफी समय से तलाश चल रही थी। पुलिस की तरफ से ऑपरेशन धरकरभर चलाया जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक ठाामीण राममूर्ति जोशी ने बताया कि वान्छित अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन धरकरभर' के तहत जिला जोधपुर ठाामीण की जिला विशेष टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना कापरडा और बोरून्दा में 25 हजार रूपए के वांछित इनामी अपराधी सालवाकलां डांगियावास निवासी श्यामलाल बेनीवाल पुत्र डूंगरराम को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को बाद में कापरड़ा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इसी तरह टीम ने पांच हजार के इनामी आरोपी आडेडा, पुलिस थाना मसूदा जिला अजमेर के राजूराम उर्फ राजू पुत्र सुखदेव को पकड़ा गया। वह तीन साल से फरार चल रहा था और उस पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। वह बिलाड़ा एनडीपीएस एक्ट मामलात कोर्ट के एक प्रकरण में वांछित था। आरोपी को अब बिलाड़ा पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

### मंदिर के पुजारी ने लगाया फंदा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के खांडाफलसा पुलिस थाना क्षेत्र में आई पुलिस चौकी के सामने एक मंदिर के पुजारी का शव आज सुबह मंदिर के प्रांगण में लटका मिला। दोपहर तक पुलिस उसके नाम पते का खुलासा नहीं कर पाई। अस्पताल से एमएलसी रिपोर्ट नहीं मिलने तक पुलिस ने नाम पता जानकारी होने से इंकार कर दिया। थानाधिकारी बलवंतराम ने बताया कि खांडाफलसा थाना क्षेत्र में भीतर आई पुलिस चौकी के सामने मंदिर में आज सुबह पुजारी के फंदे पर लटके होने की जानकारी किसी भक्तजन द्वारा दी गई थी। सुबह जब भक्तजन मंदिर पहुंचे तब पुजारी को प्रांगण में फंदे पर लटके देखा था। उसके बाद उसे फंदे से उतारवा कर एमजीएच भिजवाया गया। वहां जांच के बाद उसे मृत बता दिया गया। थानाधिकारी बलवंतराम के अनुसार अस्पताल से उन्हें एमएलसी रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। ऐसे में उसका नाम पता स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### अवैध डोडा पोस्त सहित आरोपी पकड़ा

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के चितलवाना पुलिस ने शनिवार को अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त 4.020 किलोग्राम को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत नाकाबंदी, संदिग्ध स्थानों एवं वाहनों की संघन तलाशी ली जाकर जिला पुलिस द्वारा लगातार कारवाई की जा रही है। हल्का क्षेत्र सरहद हनुमानपुरा (डावल) में आरोपी लाडुराम पुत्र धन्नाराम जाति विश्नोई (खिलेरी) उम्र 48 वर्ष निवासी हनुमानपुरा (डावल) पुलिस थाना चितलवाना के घर दबिश देकर अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त 4.020 किलोग्राम जब्त कर अभियुक्त लाडुराम को गिरफ्तार किया व अनुसंधान जारी है।

### स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। लोहावट पुलिस ने नाकाबंदी व गश्त के समय ऑपरेशन भौकाल में कार्रवाई करते हुए 38.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त किया। फलोदी की पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि ऑपरेशन भौकाल के तहत लोहावट थानाधिकारी धर्मपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त एवं नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई कर सरहद मोरिया में आरोपी रउफ खां पुत्र सतार खां से मादक पदार्थ 38.50 ग्राम स्मैक बरामद कर गिरफ्तार किया व मोटरसाइकिल जब्त की गई।


### विमंदित गृह में एक जने की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के आंगणवा स्थित मानसिक विमंदित गृह में भर्ती एक व्यक्ति की तबीयत बिगडऩे के बाद मौत हो गई। इस बारे में केयर टेकर की तरफ से मंडोर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। मंडोर पुलिस ने बताया कि कुड़ी भगतासनी निवासी 46 साल का साहिद परहेज पुत्र सय्यद निसार का मानसिक विमंदित गृह आंगणवा में उपचार चल रहा था। उसकी 28 मई को अचानक से तबीयत बिगडऩे के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

# रेलवे स्टेशन जालोर पर नागरिक सुरक्षा की व्यवस्था परखी

**जालोर**, (कासं)। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार द्वितीय सिविल डिफेंस अभ्यास 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर जालोर में नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया जिसके तहत रेलवे स्टेशन पर बमबारी से 30 व्यक्तियों के घायल होने की सूचना पर जिला प्रशासन, पुलिस, मेडिकल, एनडीआरएफ के 15 सदस्य दल, होमगार्ड के 60 सदस्य दल, सिविल डिफेंस द्वारा राहत, बचाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया।

मॉक ड्रिल में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशन में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, एनसीसी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम, सहित नागरिक सुरक्षा सेवाओं की रेस्पोंस टाइम के क्रियान्वयन का आंकलन तथा आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी और उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया गया। सूचना मिलने पर तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन, एंबुलेंस, सिविल डिफेंस पहुँचे तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए दलों द्वारा घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय ले जाया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एनसीसी कैडेट्स व स्काउट्स ने भी सहयोग किया। मॉक ड्रिल के दौरान बनाए गए अस्थाई अस्पताल में घायलों को तुरन्त ले जाकर उपचार कर आवश्यकतानुसार जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही पुलिस की फोरेंसिक की टीम ने सबूत जुटाए तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक डमी संदिग्ध को गिरफ्तार भी किया।



जालोर के रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर (अति. प्रभार) नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण, पीएचईडी के अधीक्षण संजय शर्मा, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र प्रजापति, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी, एनडीआरएफ के आर.एस.पटेल, होमगार्ड के डिप्टी कमांडेंट वी.एस.राठौड, थानाधिकारी अरविन्द राजपुरोहित, सहित विभागीय अधिकारी, पुलिस, सिविल डिफेंस के कार्मिक उपस्थित रहे।

'ऑपरेशन शील्ड' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए शनिवार को जालोर शहर में रात्रि 8.30 बजे से 8.45 तक ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल की जायेगी । जिसकी सूचना सायरन व हूटर बजाकर दी जायेगी।

सायरन बजने की आवाज होने पर सभी नागरिक यथास्थिति में अपने घरों, दुकानों, होटलों, भवनों, वाहनों, कार्यालय या किसी भी परिसर की सभी लाईटें स्वेच्छा से बंद करें। घर की खिड़कियों और दरवाजों पर काले पर्दे या कवर लगाएं ताकि रोशनी बाहर न जाए। अफवाहों से बचें तथा सटीक जानकारी सुनें व प्रसारित करें। ड्रिल के समय निर्धारित समय पर बिजली के सभी उपकरण बंद करें। ड्रिल के समय शांत रहे व अफवाहों से बचें। ब्लैकआउट के दौरान टॉर्च या बैटरी से चलने वाले उपकरण साथ रखें। गांव व मोहल्लों में चौकसी रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दें। ड्रिल के दौरान मोबाइल की फ्लैश लाइट व वाहन की हेडलाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। भीड इकट्ठी न करें और अनुशासन बनाए रखें। किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, तेज आवाज वाले उपकरणों या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करें।

## कांस्टेबल की हत्या का आरोपी डंपर चालक व मालिक पुलिस पकड़ से दूर

**जोधपुर**, (कासं)। लूनी थाना क्षेत्र में खेजड़ली से फिटकासनी रोड पर प्याऊ के पास बजरी से भरे डम्पर से कुचल कर कांस्टेबल की हत्या करने का आरोपी चालक सात दिन बाद भी पकड़ा नहीं जा सका है। डम्पर मालिक भी फरार है। पुलिस ने अब तक चार जनों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि गत 25 मई की सुबह साढ़े आठ बजे फिटकासनी रोड पर प्याऊ के पास अवैध बजरी से भरे डम्पर ने लूनी थाने की चेतक में पदस्थापित कांस्टेबल सुनील खिलेरी को कुचल दिया था। गंभीर हालत में मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गत मंगलवार देर रात उसकी मृत्यु हो गई थी। साथी कांस्टेबल अशोक कुमार ने हत्या के प्रयास की एफआइआर दर्ज कराई थी। जिसमें अब हत्या की धारा जोड़ी गई है।

पुलिस ने खेजड़ली में लॉयंस नगर निवासी सरपंच पति हापूराम बिश्नोई, रविंद्र गोदारा, सागर सैन और महेन्द्र डूडी को गिरफ्तार किया गया था।

डम्पर चालक की पहचान सांगासनी गांव निवासी राणाराम बिश्नोई के रूप में हुई थी। डम्पर मालिक शिवलाल है। जो सरपंच पति हापूराम का भाई है । वारदात के बाद से चालक व मालिक फरार हो गए। इनकी तलाश में टीमें गठित की गईं हैं, लेकिन वो पकड़े नहीं जा सके हैं।

## रिश्वत मामले में जे.डी.ए. के जे.ई.एन. को ए.सी.बी. कोर्ट ने सजा सुनाई

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता कानाराम को भ्रष्टाचार के एक मामले में चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। जोधपुर स्थित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम क्रम संख्या 02 के विशेष न्यायालय के न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने यह फैसला सुनाया। कानाराम पर निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए मौका रिपोर्ट बनाने के एवज में रिश्वत मांगने और प्राप्त करने का आरोप सिद्ध हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त कानाराम को पीसी एक्ट की धारा 7 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास व बीस हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 13(1)(डी) सहपठित धारा 13(2) पीसी एक्ट के तहत चार वर्ष सश्रम कारावास व बीस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा दी गई है। जुर्माना अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला 2016 का है जब कानाराम ने परिवादी धर्मवीर सोनी से पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी।

बाद में 21 सितंबर 2016 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जोधपुर ग्रामीण द्वारा उन्हें दो हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन दिनेश तिवाड़ी ने 17 गवाह और 37 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए, जिनके आधार पर न्यायालय ने कानाराम को दोषी ठहराया।

## लोकार्पण एव कवि गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। राजेन्द्र शाह सिरोही राजन द्वारा लिखित ऐतिहासिक उपन्यास 'चन्द्रावती की चांदनी' का लोकार्पण एवं" माँ "विषय पर कवि गोष्ठी का आयोजन जागृति संस्थान जोधपुर के बेनर तले डॉ मदन सावित्री डागा सभागार मे सम्पन्न हुआ।

राजेन्द्र शाह सिरोही ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध इतिहासकार जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सेवानिवृत विभागाध्यक्ष डॉ एस पी व्यास थे।विशिष्ट अतिथि डॉ वी डी दवे एवं समाजसेवी व उद्योगपति किशन लाल गर्ग रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता युवा साहित्यकार कमल शर्मा ने की।

संस्था अध्यक्ष राजेश भेरवानी ने बताया कि मां विषय पर गजल गायक मनशाह नायकने एवं पंकज बिंदास नेअपनी स्वरबद्ध गायकी से और यशोदा महेश्वरी ने गीत गाए।

## स्मैक के साथ तीन जने गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला पुलिस ने शनिवार को सरहद आसाणा में अवैध मादक पदार्थ स्मैक 23.06 ग्राम को किया बरामद तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया।

अवैध मादक पदार्थ स्मैक तोलने में प्रयुक्त इलेक्ट्रोनिक मोबाइलनुमा कांटा एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल भी जब्त की। बरामद स्मैक की अनुमानित बाजार कीमत 4,61,000 रूपये आंकी गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत नाकाबंदी, संदिग्ध स्थानों एवं वाहनों की संघन तलाशी ली जाकर जिला पुलिस द्वारा लगातार कारवाई की जा रही है इसी क्रम में सायला पुलिस थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठिङ्गत टीम द्वारा थाना हल्का क्षेत्र में सरहद आसाणा में संदिग्ध वाहनो की चैकिंग के दौरान कार्रवाई हुई।

## एन.डी.पी.एस. एक्ट के आरोपी को सजा मिली

**जालोर**, (कासं)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश हारून ने अवैध अफीम का दुध परिवहन करने के आरोपी किशोर कुमार को दोशी मानते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई।

लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने बताया कि पुलिस थाना जालोर व एसएसटी टीम द्वारा 16 नवम्बर 2018 को नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनो को चैक करते वक्त सायला से जालोर की तरफ एक कार आती नजर आई। उस कार को रूकवाया तथा चालक ने अपना नाम किशोर कुमार पुत्र हडमताराम माली निवासी तिलोडा बताया । कार को अन्य वाहनों की भांति चैक किया तो चालक सीट के नीचे एक लाल रंग की थैली पायी गई। जिसमें एक लाख छतीस हजार रूपये व एक प्लास्टिक की थैली में काला तरल पदार्थ अफीम का दुध पाया गया। अवैध अफीम के दुध का वजन करने पर कुल 120 ग्राम पाया ।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेष किया। सैंषन न्यायाधीश जालोर हारून ने पत्रावली का अवलोकन करने तथा दोनो पक्षो की बहस सुनने के बाद उक्त प्रकरण में फैसला सुनाते हुए आरोपी किशोर कुमार को अवैध अफीम का दुध परिवहन करने का दोशी मानते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने की।

# आयुर्वेद वि.वि. में स्किन व कैंसर यूनिट का उद्घाटन

**जोधपुर**, (कासं)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज जोधपुर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। संजीवनी आयुर्वेद चिकित्सालय, जोधपुर में पीजी विभाग - अगदतंत्र के अंतर्गत स्किन एवं कैंसर यूनिट का उद्घाटन कुलगुरु प्रोफेसर(वैद्य ) प्रदीप कुमार प्रजापति ने फीता काटकर किया। यह यूनिट आयुर्वेद के सिद्धांतो से त्वचा एवं कैंसर संबंधी विकृतियों के निदान के लिए समर्पित है।

ओपीडी के उद्घाटन सत्र में कुलगुरु ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह स्किन एवं कैंसर ओपीडी यूनिट आयुर्वेद के गहन चिकित्सीय सिद्धांतों के आधार पर त्वचा एवं गंभीर रोगों के समठा उपचार हेतु समर्पित रहेगी। यह ओपीडी अनुसंधान, निदान और उपचार का एक उत्कृष्ट केंद्र बनेगी।

विभागाध्यक्ष प्रो.रितु कपूर ने बताया कि इस ओपीडी में त्वचा विकारों, प्रीकैंसरस अवस्थाओं एवं कैंसर रोगों के निदान, परामर्श एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधा दी जाएगी। रोगियों के लिए यह यूनिट अनुसंधान एवं उपचार दोनों का केंद्र बनेगी। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर डॉ. नरेश नेभिनानी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मनोरोग विभाग, एम्स जोधपुर द्वारा तम्बाकू की लत: दुष्परिणाम एवं प्रबंधन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पूर्व कुलसचिव प्रो.गोविंद सहाय शुक्ला ,चिकित्सा अधीक्षक प्रो. गोविन्द गुप्ता,उपकुलसचिव डॉ मनोज कुमार अदलक्खा ,डॉ संजय श्रीवास्तव, डॉ. श्योराम शर्मा ,डॉ.प्रवीण कुमार , डॉ अनिता संकाय सदस्य एवं पीजी अध्येता उपस्थित थे।

इसी प्रकार राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला जोधपुर की ओर से आयोजित अभिरुचि केंद्र में उपस्थित 357 संभागियों को आज विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर नशा मुक्ति शपथ दिलवाई। इस अवसर पर समाजसेवी हनुमान सिंह खांगटा ने कहा कि नशा व्यक्ति को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिल बनाता है बल्कि वित्तीय दृष्टि से भी नुकसानदेह है। संगठन के जिला उपाध्यक्ष चनण सिंह इंदा, जिला सचिव डॉ बीएल जाखड़, प्रधानाचार्य चंद्रशेखर दवे, सहायक राज्य संगठन आयुक्त छतर सिंह पीडीयार सहित अनेक मौजीज लोगों की उपस्थिति में नशा निषेध रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी संभागियां और उपस्थित अभिभावकों को नशा मुक्ति की शपथ अविचल पारीक द्वारा दिलवाई गई। इस अवसर पर सांकेतिक रूप में नशे से संबंधित सामठाी का सामूहिक रूप से दहन किया गया।

दूसरी तरफ राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला के तत्वावधान में शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर तम्बाकू निषेध पर शपथ ग्रहण कार्यकम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. मनीष हरजाई ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को को तम्बाकू सेवन नही करने की शपथ दिलाई तथा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## कारागृहों एवं बालगृह का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने शनिवार को जिले के कारागृहों एवं बालगृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने भीनमाल उप कारागृह के निरीक्षण के दौरान बंदियों के साथ वार्तालाप की। इस दौरान उन्होंने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को कहा कि बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए अपने कर्तव्यों का भी ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी कारागृह से छूटकर जाए तो समाज में अच्छा व्यवहार करें। इस दौरान उन्होंने निशुल्क विधिक सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी एवं तंबाकू से दूर रहने की सलाह दी। सचिव ने सांचौर उप कारागृह का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बंदियों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बंदियों को विभिन्न योजनाओं के बारे बताया और कहा कि यदि किसी बंदी की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हो तो वे तालुका विधिक सेवा समिति के माध्यम से निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। निशुल्क अधिवक्ता की सेवाएं प्राप्त करने के लिए अपनाई जाने वाली प्राकया के बारे में पूरी जानकारी बताई एवं इसके लिए आवेदन पत्र भरने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू सेवन से दूर रहने की सलाह देते हुए तंबाकू सेवन से शरीर पर पडने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

# बालोतरा में मॉक ड्रिल हुई

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा जिले के बालोतरा रीको औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को नागरिक सुरक्षा एजेंसियों द्वारा एक विशाल हवाई हमला मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय स्थापित कर जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करना था।

यह मॉक ड्रिल पूर्व नियोजित थी और इसमें एक काल्पनिक हवाई हमले का परिदृश्य तैयार किया गया था। शाम लगभग 05 बजे, रीको क्षेत्र में अलर्ट सायरन बजाया गया, जिसके बाद अभ्यास शुरू हुआ। काल्पनिक रूप से हवाई हमले का अनुकरण किया। हवाई हमले के दौरान आगजनी और घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने एवं जानमाल को सुरक्षित करने के एहतियातन कदम उठाए गए। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन विभाग, चिकित्सा टीमें, सिविल डिफेंस स्वयंसेवक और औद्योगिक सुरक्षा बल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल में कई घायलों का अनुकरण किया गया, जिन्हें त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया और एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। आपदा प्रबंधन टीमों ने मलबे से लोगों को निकालने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का भी अभ्यास किया। इस दौरान अग्निशमन विभाग ने काल्पनिक आग पर काबू पाने और बचाव कार्यों में सहायता करने का अभ्यास किया। इस ड्रिल का एक महत्वपूर्ण पहलू विभिन्न एजेंसियों के बीच संचार और समन्वय का परीक्षण करना था। वायरलेस सेट, मोबाइल फोन और अन्य संचार माध्यमों का उपयोग करते हुए त्वरित और सटीक जानकारी साझा करने का अभ्यास किया गया।

मॉक ड्रिल के सफल समापन के बाद, जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "आज की मॉक ड्रिल अत्यंत सफल रही है। इसने हमें हमारी तैयारियों का आकलन करने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद की है जहाँ सुधार की आवश्यकता है। हमारी सभी एजेंसियां किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि, "इस तरह के अभ्यास न केवल हमारी युद्ध तैयारियों को मजबूत करते हैं बल्कि नागरिक प्रशासन के साथ हमारे समन्वय को भी बेहतर बनाते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि वास्तविक खतरे की स्थिति में हम एक संयुक्त मोर्चे के रूप में कार्य कर सकें।

मॉक ड्रिल आयोजन का उद्देश्य आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण करना, विभिन्न सरकारी विभागों और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना, किसी भी हवाई हमले की स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए तैयारियों को पुख्ता करना, जनता को ऐसी आपात स्थितियों के बारे में जागरूक करना और उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना है।

भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएंगे ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को सुदृढ़ किया जा सके।

बालोतरा रीको क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए, यह ड्रिल क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मॉक ड्रिल के दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह, रीको इकाई प्रभारी सुशील कटियार, पचपदरा तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल समेत पुलिस प्रशासन, नागरिक सुरक्षा कार्मिक, अग्निशमन कार्मिक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# बाड़मेर के उत्तरलाई एयरफोर्स स्कूल परिसर में मॉक ड्रिल

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत शनिवार सायं उत्तरलाई एयरफोर्स स्कूल पर 'ड्रोन हवाई हमले' की मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के उपायों को जांचा गया।

हॉट लाइन के माध्यम से सायं 6 बजे जिला कलक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम पर उत्तरलाई एयरफोर्स स्कूल परिसर में ड्रोन से 'हवाई हमला' होने की सूचना मिली। कंट्रोल रूम कार्मिकों ने इसके बारे में तुरंत कंट्रोलर (जिला कलैक्टर) टीना डाबी को बताया, जिनके निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों को 'ड्रोन हमले' की सूचना देकर 'घटना स्थल' सिविल डिफेंस कार्यालय पर पहुंचने को कहा गया और सायरन बजाकर नागरिकों को सचेत किया गया।

'ड्रोन हमले' से भवन क्षितठास्त हो गया और आग लग गई। चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, नगर परिषद कार्मिक, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, रसद विभाग, पुलिस, अग्निशमन सहित संबंधित सभी विभागों ने तुरंत 'घटना स्थल' पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान शुरु किया।

नगर् परिषद से पहुंचे अग्निशमन वाहन ने 'ड्रोन हमले' से हुई 'आगजनी' पर काबू पाया। जोधपुर से पहुंची एसडीआरएफ ने टीम कमांडर के नेतृत्व में दो लोगों को रोप रेस्क्यू तथा एक जने को ध्वस्त ढांचे से निकाला। एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने घायल हुए 46 लोगों को इलाज के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'घटना स्थल' पर बनाए अस्थाई अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सभी की जांच कर उपचार शुरु किया। इस दौरान 46 मामूली घायलों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल शेष 6 जनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर किया गया। इस दौरान एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों ने आपात स्थिति में निपटने में विशेष मदद की।

जिला कलैक्टर टीना डाबी एवं जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्रसिंह मीना ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्वाभ्यास के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभागों ने बेहतर समन्वय के साथ त्वरित रिस्पॉन्स कर आपातकालीन स्थिति से निपटने का अच्छा प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की प्रतिक्रिया का विश्लेषण कर रिस्पॉन्स व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। इस दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉट लाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, मेडिकल, रसद और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाओं को मॉक ड्रिल कर जांचा गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जस्साराम बोस, उपखंड अधिकारी वीरमाराम सहित प्रशासन, पुलिस, सिविल डिफेंस अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस, वॉलंटियर्स मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 7 मई को भी केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार रेलवे स्टेशन बाड़मेर पर एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया था।